भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 4324

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 08 अगस्त, 2014/17 श्रावण, 1936 (शक) को दिया गया)

भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान

4324. श्री विनायक भाऊराव राऊत :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय करपोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए) की स्थापना के उद्देश्य और लक्ष्य क्या है;

(ख) क्या आईआईसीए ने देश में अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसकी शुरुआत से आईआईसीए के प्रारंभ से लेकर अब इसे प्रदत्त राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण)

(क): कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने आईएमटी, मानेसर (हरियाणा) में भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए) की स्थापना एक समग्र विचारक मंडल, क्षमता निर्माण तथा सेवा सुपुर्दगी संस्थान के रूप में कार्य करने के लिए की है ताकि वन-स्टाप-शॉप मोड में सहक्रियाशील ज्ञान प्रबंधन, भागीदरी और समस्या समाधान द्वारा कारपोरेट विकास, सुधारों और नियमनों में मदद मिल सके।

(ख) तथा (ग): इस संस्थान का उद्घाटन 13 अप्रैल, 2012 को किया गया और तब से विभिन्न स्कूलों तथा केन्द्रों के माध्यम से यह पूर्ण रूप से कार्यात्मक हो गया है।

(घ): सरकार ने आईआईसीए की स्थापना से लेकर अब तक 45.71 करोड़ रुपए सहायता अनुदान के रूप में जारी किए हैं जिनका ब्यौरा इस प्रकार है:-

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	जारी की गई राशि (करोड़ रुपए में)
1.	2008-09	2.70
2.	2009-10	3.00
3.	2010-11	5.37
4.	2011-12	3.00
5.	2012-13	8.00

6.	2013-14	18.23
7.	2014-15	5.41*
	योग	**45.71**

***2014-15 की प्रथम तिमाही के अंत तक**

*****